


# स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी

## एक अटॉर्नी होने का क्या मतलब है?

जीवन क्षणभंगुर हो सकता है – एक अटॉर्नी के रूप में, आप पर किसी के भविष्य की सुरक्षा करने के लिए विश्वास किया जाता है यदि वे स्वयं के लिए निर्णय नहीं ले सकते हैं ।

# यदि कोई आपको स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी देता है तो इसका क्या मतलब है?

*स्थायी पॉवर ऑफ अटॉर्नी (EPA) लम्बे समय तक स्वयं के लिए कोई निर्णय नहीं ले सकने वाले लोगों के लिए किसी व्यक्ति (जो 'अटॉर्नी' के रूप में जाना जाता है) को निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करने वाला एक कानूनी दस्तावेज है।*

अटॉर्नी होना एक महत्वपूर्ण और मूल्यवान भूमिका है, जिसका अर्थ है कि आप लोगों के भविष्य के जीवन और/या उनके वित्त एवं उनकी कीमती सम्पत्ति जैसे कि उनके धन, घर और सामान के बारे में उनकी इच्छाओं की सुरक्षा करने के लिए विश्वसनीय हैं।

EPA 'दाता' कहलाने वाले उस व्यक्ति के सम्मुख तैयार की जानी चाहिए जिसे इसकी जरूरत हो, और साथ ही उसमें अभी भी अपने स्वयं के निर्णय लेने की मानसिक क्षमता हो। दाता के सर्वोत्तम हित में कार्य करना अटॉर्नी की भूमिका का सबसे महत्वपूर्ण भाग है।

EPA दो प्रकार के होते हैं और आप किसी एक या दोनों के लिए अटॉर्नी हो सकते हैं:

- सम्पत्ति (PROPERTY) – एक दाता के पास इसके लिए एक या कई अटॉर्नी हो सकते हैं, जो लोग या ट्रस्टी कॉर्पोरेशन (जैसे कि पब्लिक ट्रस्ट) हो सकते हैं, और दाता के मानसिक क्षमता खोने से पहले ये सक्रिय किए जा सकते हैं।
- व्यक्तिगत देखभाल और कल्याण (PERSONAL CARE AND WELFARE) – इस तरह का EPA केवल एक अटॉर्नी संभाल सकता है, और यह एक ट्रस्टी कॉर्पोरेशन नहीं हो सकता। इसे केवल तब सक्रिय किया जाता है जब चिकित्सा पेशेवर द्वारा दाता मानसिक रूप से असक्षम घोषित कर दिया जाता है।

दाता EPA में उन अन्य लोगों के भी नाम दे सकता है जिनसे आपको अपने द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय के बारे में बात करने की जरूरत होती हो।

## मुझे क्या करना होगा?

EPA सक्रिय हो जाने के बाद, आपके पास दाता के लिए निर्णय लेने की शक्ति आ जाती है। आपको क्या करने की जरूरत है वह EPA के प्रकार पर निर्भर करता है और दाता जितना चाहता है आप उतना ही करते हैं।

सम्पत्ति EPA के लिए आपको करना पड़ सकता है:

- बिलों का भुगतान और बैंक खातों की देखभाल, सम्पत्ति और शेयरों को बनाए रखना या बेचना, और EPA में घोषित सभी जिम्मेदारियों का पालन करना।

व्यक्तिगत देखभाल और कल्याण EPA के लिए आपको करना पड़ सकता है:

- चिकित्सा देखभाल, आवास एवं सामान्य सुख सुविधाओं जैसे मुद्दों पर निर्णय लेना। आप विवाह, तलाक या गोद लेने के बारे में निर्णय नहीं ले सकते हैं या जीवन-रक्षक चिकित्सा उपचार से मना नहीं कर सकते हैं।

आपको दाता और EPA में नामित अन्य लोगों से परामर्श करना चाहिए और यदि आप सम्पत्ति अटॉर्नी हैं तो आपको वित्तीय रिकार्ड ठीक तरह से रखना चाहिए। जहां तक संभव हो निर्णयों में भाग लेने के लिए दाता की मदद करना भी महत्वपूर्ण है।

यदि अन्य अटॉर्नी हों तो आपको उनके साथ मिलकर कार्य करना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सम्प्रेषण में किसी भी व्यवधान से दाता के हित प्रभावित नहीं होते हैं, एक दूसरे से नियमति रूप से परामर्श करना चाहिए।

## EPA कब प्रभावी होती है?

EPA केवल तभी प्रभावी होगी जब कोई चिकित्सा पेशेवर या परिवार न्यायालय यह निर्धारित कर देता है कि दाता मानसिक रूप से असक्षम है। हालांकि सम्पत्ति के लिए, EPA तब प्रभावी की जा सकती है जब दाता मानसिक रूप से सक्षम हो और यदि दाता मानसिक क्षमता खो देता है तो लगातार प्रभावी रहती है।

## यह सुनिश्चित करने के लिए कि मैं सही कार्य कर रहा हूं, क्या कोई इसकी जांच करेगा?

जहां तक संभव हो दाता और EPA में नामित अन्य लोगों के साथ परामर्श करना आपका कानूनी कर्तव्य है। आपको दाता द्वारा नामित लोगों को अपने कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने की भी आवश्यकता हो सकती है ताकि वे आपके निर्णयों की निगरानी कर सकें।

यदि न्यायालय में कोई आवेदन किया जाता है तो परिवार न्यायालय आपके प्रदर्शन की समीक्षा कर सकता है और EPA की शर्तों को परिवर्तित कर सकता है ।

## EPA कब समाप्त हो जाती है?

यदि दाता अभी भी मानसिक रूप से सक्षम है तो वह EPA बदल, समाप्त कर सकता है या नयी EPA बना सकता है। साथ ही, यदि आपकी मृत्यु हो जाती है, आप दिवालिया हो जाते हैं, व्यक्तिगत या सम्पत्ति न्यायालय आदेश के अधीन हैं तो एक अटॉर्नी के रूप में आपकी भूमिका समाप्त हो जाएगी या परिवार न्यायालय आपकी नियुक्ति रद्द कर देता है। यदि दाता की मृत्यु हो जाती है तो भी आपको अटॉनी बने रहने से रोक दिया जाता है। यदि आप अब अटॉर्नी बने रहना नहीं चाहते हैं तो आप दाता को लिखित रूप में बता सकते हैं जब तक दाता अभी भी मानसिक रूप से सक्षम हो, या परिवार न्यायालय में जा सकते हैं यदि दाता की मानसिक क्षमता नष्ट हो गयी हो।

## मुझे कहां से मदद मिल सकती है?

कई बार हो सकता है कि आपको सहायता और सलाह की जरूरत हो। अधिक जानकारी के लिए www.msd.govt.nz/epa पर जाएं या सामुदायिक विधि केंद्र से बात करें। यदि आपको EPA निर्देशों का पालन करने में कठिनाई हो रही हो तो आप निर्देशन के लिए परिवार न्यायालय से भी निवेदन कर सकते हैं।

## क्या मुझे भी EPA की जरूरत है?

हां। यह आपके भविष्य की सुरक्षा करने के बारे में है और दुर्भाग्यवश, आप यह कभी नहीं जानते हैं कि आपको कब इसका उपयोग करने की आवश्यकता होगी। यदि आपके पास यह पहले से नहीं है तो अब यह समय उसे चयन करने के लिए है जो आपके लिए उस अवस्था में निर्णय ले सकता है जब आप अपने लिए स्वयं निर्णय न ले सकें।

## मुझे और अधिक जानकारी कहां से मिल सकती है?

अधिक जानकारी, सलाह और EPA संसाधन सामाजिक विकास मंत्रालय की वेबसाइट www.msd.govt.nz/epa पर या आपके स्थानीय नागरिक सलाह ब्यूरो, सार्वजनिक लाइब्रेरी, सामुदायिक विधि केंद्र या ऐज कन्सर्न पर या अपने विधिक पेशेवर से सम्पर्क करके पाए जा सकते हैं।

0800 273 674 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Protect your Future
msd.govt.nz/epa

New Zealand Government

Office for Senior Citizens
TE TARI KAUMĀTUA
Administered by the Ministry of Social Development